पीसीएच-एचसी I/481787/2024
हिमाचल प्रदेश सरकार
पंचायती राज विभाग।

प्रेषकः-

निदेशक, पंचायती राज,
हिमाचल प्रदेश।

प्रेषितः-

समस्त जिला पंचायत अधिकारी,
हिमाचल प्रदेश।

शिमला- 171009 दिनांकः- 13-09-2024

विषयः- वित्त वर्ष 2022-23 व 2023-24 के अंतर्गत FC XV अनुदानों की सामाजिक लेखा परीक्षा के संबंध में।

महोदय/ महोदया,

उपरोक्त विषयक आपका ध्यान इस कार्यालय के पत्र सं0 I/269492/2023 दिनांक 1.11.2023 की ओर आकर्षित करते हुए सूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश सामाजिक अंकेक्षण इकाई द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान 2226 ग्राम पंचायतों में 15वें वित्तायोग अनुदान की सामाजिक लेखा परीक्षा पूर्ण कर ली गई है तथा इसकी रिपोर्ट सम्बन्धित ग्राम पंचायतों की कार्यवाही रजिस्टर पर अंकित की गई है परन्तु उक्त अंकेक्षण के लिए सामाजिक अंकेक्षण ईकाई को मात्र 38 ग्राम पंचायतों से ही राशि प्राप्त हुई है। इन ग्राम पंचायतों की सूची भी कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप सामाजिक अंकेक्षण के लिए वित्त वर्ष 2022-23 व 2023-24 में निर्धारित ग्राम पंचायतों में से अपने जिले की सम्बन्धित ग्राम पंचायतों को मु0 15600/- रू0 की राशि प्रति ग्राम पंचायत, 15वें वित्तायोग की अनटाईड राशि में से विधिवत GPDP पोर्टल में अपलोड करके, संलग्न पत्र में दर्शाए गए खाता संख्या में जमा करने के निर्देश जारी करें व जल्द से जल्द राशि को जमा करवाना सुनिश्चित करें और वित्त वर्ष 2025-26 के GPDP पोर्टल में सोशल ऑडिट के लिए रिर्सोस एनवैलप का प्रावधान करें क्योंकि 2025-26 तक समस्त ग्राम पंचायतों का सोशल ऑडिट किया जाना है। इसके अतिरिक्त जिन ग्राम पंचायतों से राशि प्राप्त की जानी है कि संलग्न सूची को भी UPDATE करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

Signed by
Kewal Sharma
Date: 13-09-2024 14:59:45

अतिरिक्त निदेशक, पंचायती राज
हिमाचल प्रदेश।

प्रति सं0-I/481787/2024 दिनांकः- 13-09-2024
निदेशक, सामाजिक अंकेक्षण इकाई, शिमला हिमाचल प्रदेश को उनके पत्र सं0 एचपीएसएयू-(एच) (ए)(5)-20/2022-201 दिनांक 11 जुलाई, 2024 के सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आगामी कार्रवाई हेतु।

-Digitally Signed-

अतिरिक्त निदेशक, पंचायती राज
हिमाचल प्रदेश।